## संपादकीय

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020, एक साल की प्रगति

पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम ने एक बार कहा था कि शिक्षा का उद्देश्य व्यक्ति में चरित्र निर्माण; मानवीय मूल्यों का विकास; आध्यात्मिक नींव के आधार पर वैज्ञानिक दृष्टि विकसित करना; अनिश्चित भविष्य का मुकाबला करने के लिए आत्मविश्वास का निर्माण करना तथा गरिमा, आत्मसम्मान एवं आत्मनिर्भरता की भावना का विकास करना है। भारत की शिक्षा प्रणाली में तत्काल सुधार करने की आवश्यकता है ताकि हमारे युवा उपरोक्त गुणों को आत्मसात कर सकें; सामाजिक और आर्थिक रूप से प्रासंगिक बने रहने के लिए युवाओं में विश्वस्तरीय दक्षता का विकास हो सके तथा देश को भौगोलिक लाभांश का फायदा मिल सके। आवश्यकता इस बात की है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था शरीर, मस्तिष्क और आत्मा के लिए अच्छे गुणों को विकसित करने के साथ व्यक्ति को प्रशिक्षण प्रदान कर सके। इसके अलावा मानव सभ्यता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए व्यक्ति में पूरी दुनिया के लोगों के प्रति बन्धुत्व की भावना तथा अन्य गुणों का विकास हो सके। इस संदर्भ को देखते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) में सभी आवश्यक बदलावों को शामिल करने की कोशिश की गई है तथा इन उद्देश्यों की पूर्ति के लिए एक वर्ष पहले भारत सरकार द्वारा घोषित इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू करना और भी जरूरी हो गया है। एनईपी-2020 वास्तव में सिर्फ एक दस्तावेज नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए राष्ट्र निर्माण के प्रति भारत सरकार की कटिबद्धता को दर्शाता है।

विद्यार्थी केंद्रित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में ऐसी ठोस व्यवस्था की गई है जिससे समानता, किफायती और सीखने के व्यापक अवसरों के आधार पर आजीवन सीखने वाले ज्ञान आधारित समाज का निर्माण करना संभव हो सकेगा। अकादमिक बैंक ऑफ `डिट (एबीसी) विद्यार्थियों को मान्यता प्राप्त संस्थानों से अर्जित अकादमिक `डिट को डिजिटल रूप से संग्रहीत करके विविध पाठ्य मों एवं संस्थानों को चुनने में सक्षम बनाएगा और इसके साथ ही किसी कार्य म या पाठ्य म को पूरा करने के लिए आवश्यक `डिट को अर्जित और संग्रहीत करके उन्हें संबंधित डिग्री प्रदान करने को सुविधाजनक बनाएगा। विद्यार्थियों को किसी कार्य म या पाठ्य म को छोड़ दूसरे कार्य म या पाठ्य म में प्रवेश लेने या उससे बाहर निकलने के विकल्प का उपयोग एक से अधिक बार करने की इजाजत दिए जाने से शिक्षार्थियों के विविध समूह की सीखने की विशिष्ट जरूरतों को पूरा करना संभव हो सकेगा। कौशल विकास करने के मजबूत घटकों से युक्त बहु-विषयक पाठ्य म संरचना से विद्यार्थियों को खंडित एवं गैर-प्रासंगिक शिक्षण परिवेश के बजाय प्रासंगिक और समग्र शिक्षण परिवेश से लाभ उठाने का अवसर मिलेगा। ज्ञान सीखने की विधि को रोचक बनाने, और उच्च स्तर की चिंतन क्षमताओं को विकसित करने के लिए अनुभवात्मक शिक्षण अध्यापन, अर्थात, चर्चा/बहस/वाद-विवाद, प्रदर्शन, गतिविधि, परियोजना/शोध निबंध/इंटर्नशिप/केस स्टडी और भ्रमण आधारित सहयोगात्मक शिक्षण, और मिश्रित अध्यापन दृष्टिकोण के अनुरूप एवं अन्य तरीकों पर विशेष जोर दिया गया है। स्नातक संबंधी विशिष्ट गुण (जीए)/शिक्षण संबंधी विशिष्ट उपलब्धियां विद्यार्थियों में उन गुणों, कौशल और गहन समझ को सुनिश्चित करेंगी जिसे डिग्री प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए अध्ययन करते समय विद्यार्थियों में विकसित करने की आवश्यकता होती है। ये विशिष्टताएं पाठ्यपुस्तकों और कक्षाओं के दायरे से परे दक्षताओं को विद्यार्थियों में विकसित करने में मदद करेंगी। यही नहीं, ये विशिष्टताएं स्नातकों को वैश्वीकृत नागरिक बनने के साथ-साथ राष्ट्र के सामाजिक-आर्थिक हालात को बेहतर करने में सक्षम 'ज्ञान आधारित समाज' का प्रभावशाली सदस्य बनने के लिए भी सशक्त बनाएंगी। इस नीति में विद्यार्थियों की शिक्षण संबंधी सटीक उपलब्धियों या परिणामों को मापने के लिए उनका आकलन करने के उपयुक्त साधनों को विकसित करने पर भी विशेष जोर दिया गया है।

*- राघवेन्द्र पी. तिवारी*

# महिला 64 किग्रा भारोत्तोलन में चारोन ने कनाडा के लिए जीता स्वर्ण



**टोक्यो।** कनाडा की भारोत्तोलक मौड जी चारोन ने यहां मंगलवार को टोक्यो 2020 में महिला 64 किग्रा भारोत्तोलन में कुल 236 किग्रा भार उठा कर स्वर्ण पदक जीता। महिला भारोत्तोलन स्पर्धाओं में कनाडा के लिए यह उनका दूसरा ओलंपिक स्वर्ण पदक है।

28 वर्षीय चारोन की इस प्रतियोगिता को जीतने की सबसे ज्यादा उम्मीद थी और उन्होंने इटली की जियोर्जिया बोर्डिगन से सिर्फ एक किलो अधिक 105 किग्रा वजन उठाकर संकीर्ण बढ़त हासिल कर ली, जिन्होंने रियो खेलों में महिला 63 किग्रा स्पर्धा में छठे स्थान पर अभियान समाप्त किया था।

2020 पैन अमेरिकन चैंपियनशिप की विजेता कनाडाई भारोत्तोलक ने क्लीन एंड जर्क में अपनी ताकत दिखाई। उन्होंने स्वर्ण हासिल करने के लिए क्लीन एंड जर्क में 131 किग्रा भार उठाया। चीनी ताइपे की चेन वेन-हुई ने चारोन को चुनौती देने की कोशिश की, लेकिन वह अपने अंतिम दो लिफ्टों में असफल रही। 34 वर्षीय बोर्डिगन ने जर्क में लगातार तीन अच्छी लिफ्टें बनाई, लेकिन जर्क में 128 किग्रा पर समाप्त किया और कुल 232 किग्रा भार उठा कर रजत पदक विजेता बनीं। वहीं लंदन 2012 में महिला 63 किग्रा भारोत्तोलन में कनाडा को स्वर्ण पदक जिताने वाली क्रिस्टीन गिरार्ड ने कुल 230 किग्रा के साथ कांस्य पदक जीता।

उल्लेखनीय है कि रियो 2016 में ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता और महिला 64 किग्रा में विश्व रिकॉर्ड धारक डेंग वेई को कमर की चोट के कारण चीन की टीम से बाहर कर दिया गया है जो 2019 में विश्व चैंपियनशिप में कुल 261 किग्रा की विश्व रिकॉर्ड धारक हैं।

# ओलंपिक (बैडमिंटन) : सिंधु ने दर्ज की आसान जीत



**टोक्यो।** भारत की पीवी सिंधु ने यहां चल रहे टोक्यो ओलंपिक में बैडमिंटन महिला एकल इवेंट के ग्रुप चरण मुकाबले में हांगकांग की चेउंग गान यी को एकतरफा अंदाज में 2-0 से हरा दिया है।

भारत की पीवी सिंधु ने 35 मिनट तक चले इस मुकाबले में चेउंग को 21-9, 21-16 से हराया। इसके साथ ही सिंधु ने ग्रुप चरण के अपने दोनों मुकाबले जीत लिए। सिंधु ने इस जीत के बाद नॉकआउट चरण में जगह सुनिश्चित कर ली है।

सिंधु ने इससे पहले अपने पहले मैच में इजरायल की पोलीकारपोवा कसेनिया को 21-7, 21-10 से हराया था।

# मंडी भाव : पहली बार सोयाबीन की कीमत सरसों से अधिक, महंगी हुई मसूर पर मूंग सस्ती

**नई दिल्ली।** इंदौर विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में मंगलवार को मंडियों में सरसों की आवक घटने और वायदा कारोबार में भाव टूटने से इसके तेल-तिलहन के भाव में गिरावट आई जबकि सोयाबीन की कमी होने के कारण सोयाबीन और सीपीओ सहित विभिन्न खाद्य तेल कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। बाजार सूत्रों ने बताया कि शिकॉगो एक्सचेंज में 0.5 प्रतिशत और मलेशिया एक्सचेंज में एक प्रतिशत की तेजी थी।

उन्होंने कहा कि इतिहास में पहली बार माल की कमी होने के कारण सोयाबीन का भाव सरसों के मुकाबले अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि किसानों, तेल संयंत्रों और व्यापारियों के पास सोयाबीन का नहीं के बराबर स्टॉक है और वायदा कारोबार में सोयाबीन के लिए ऊंची बोली लगाए जाने से मंडियों में सरसों के मुकाबले सोयाबीन का भाव 23 रुपये किलो अधिक हो गया है।

इंदौर के एनसीडीईएक्स में सोमवार को सोयाबीन का भाव 9,100 रुपये बोला गया था जबकि मंगलवार को अगस्त अनुबंध का भाव 9,652 रुपये क्विन्टल पर बंद हुआ।

# नया आयकर पोर्टल सुस्त, लेकिन डेटा एनॉलिटिक्स सिस्टम दनादन भेज रहा नोटिस



**नई दिल्ली।** देश में आयकर पोर्टल भले ही ठीक से काम न कर रहा हो, लेकिन आयकर विभाग का डेटा एनॉलिटिक्स सिस्टम पूरी तरह से काम कर रहा है और टैक्स के मामलों में पेनाल्टी के नोटिस भी लोगों को भेजे जा रहे हैं। ऐसे करदाता, जिनके ईमेल सिस्टम में अपडेट नहीं हैं, उनमें से देश भर में करीब 40-45 हजार लोगों को विभाग की तरफ से नोटिस भेजने शुरू कर दिए गए हैं। मामले से जुड़े अधिकारी के मुताबिक पिछले सालों में से जिन भी लोगों के रिटर्न में पेनाल्टी बनती थी उन्हें नोटिस भेजे जाने शुरू हो गए हैं। वहीं पिछले वित्तवर्ष या मौजूदा असेसमेंट साल के मामलों पर अभी काम शुरू नहीं हो पाया है। अधिकारी के मुताबिक लोगों को पिछले साल के पहले के मामलों में ऑनलाइन नोटिस भेजने का काम आयकर पोर्टल चालू नहीं हो पाने की वजह से फिलहाल बंद पड़ा है।

जानकारी के मुताबिक कई मामलों में करदाताओं की तरफ से दी गई जानकारी आयकर विभाग के सिस्टम में उससे जुड़े दूसरे माध्यमों से पहुंची जानकारी से मेल नहीं खाती है। शुरुआती आंकलन के हिसाब से ऐसे करीब 2 लाख मामले विभाग के रडार पर हैं। इनकी स्क्रुटनी के बाद नोटिस भेजे जाने लगे हैं।

**ई-मेल नदारद तो पते पर भेजे जा रहे नोटिस-** इनमें से करीब 25 फीसदी मामलों में विभाग के पास ऐसे लोगों से जुड़े ई-मेल का पता मौजूद नहीं है। यही वजह है कि उन लोगों को नोटिस, उनके पते पर भेजे जा रहे हैं। सूत्रों ने ये भी बताया है कि नोटिस के दायरे में ऐसे प्रोफेशनल्स भी शामिल हैं जिन्हें कई मामलों में टैक्स से छूट है और उन्होंने उसी आधार पर रिटर्न दाखिल कर दिया। सिस्टम के जरिए ये जानकारी मिली कि उन्होंने दूसरे जरिए से होने वाली आय का पूरा ब्योरा आयकर विभाग को नहीं दिया है। मामले की स्क्रुटनी के बाद अधिकारियों ने उन पर जुर्माना लगाया है।

# ओलंपिक (महिला हॉकी) : ग्रेट ब्रिटेन ने भारत को 4-1 से हराया



**टोक्यो।** मार्टिन हनाह के दो गोलों की बदौलत ग्रेट ब्रिटेन ने यहां जारी टोक्यो ओलंपिक के महिला हॉकी इवेंट में ग्रुप चरण के पूल ए मैच में भारतीय टीम को 4-1 से हराया। भारत की इस ओलंपिक में यह लगातार तीसरी हार है। भारत को पहले मैच में नीदरलैंड ने 5-1 से और दूसरे मुकाबले में जर्मनी ने 2-0 से हराया था। कप्तान रानी रामपाल के नेतृत्व वाली भारतीय महिला हॉकी का निराशाजनक प्रदर्शन तीसरे मैच में भी जारी रहा और वह अपना प्रभाव नहीं छोड़ सकी।

ग्रेट ब्रिटेन की ओर से हनाह ने दो गोल किए जबकि लिली ओवस्ली और ग्रेस बाल्सडॉन ने एक-एक गोल किया। भारत की तरफ से एकमात्र गोल शर्मिला देवी ने किया। इससे पहले, हनाह ने दूसरे मिनट में ही गोल कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। इसके बाद हनाह ने दूसरे क्वार्टर में 19वें मिनट में एक और गोल कर इस बढ़त को 2-0 कर दिया। हालांकि, भारत ने वापसी की और शर्मिला ने 23वें मिनट में गोल कर बढ़त को 1-2 किया। तीसरे क्वार्टर में एक बार फिर ग्रेट ब्रिटेन हावी रहा और लिली ने 41वें मिनट में गोल कर स्कोर 3-1 कर दिया। चौथे और अंतिम क्वार्टर में बाल्सडॉन ने 57वें मिनट में गोल कर टीम को एकतरफा जीत दिलाई।

# अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं: मेघना मलिक



टीवी शो ना आना इस देस लाडो में अम्माजी का लोकप्रिय किरदार निभा चुकीं और हाल ही में हिंदी बायोपिक साइना में नजर आ चुकीं अभिनेत्री मेघना मलिक का कहना है कि वह अधिक जटिल किरदार करना चाहती हैं।

जब उनसे पूछा गया कि वह भविष्य में किस तरह की भूमिकाएं निभाने को तैयार हैं तो मेघना ने कहा, काश मैं उस स्थिति में होती कि मेरे पास आने वाली सभी भूमिकाएं होतीं, कि मैं उन्हें एक्सप्लोर कर पाती। मैं दर्शकों को बनाना चाहती हूं। एक ही समय में हंसना और रोना। मैं केवल सरल, लीनियर चरित्रों को निभाने के लिए उत्सुक नहीं हूं, बल्कि अधिक जटिल भूमिकाएं मुझे रुचिकर लगती हैं।

अभिनेत्री का कहना है कि आपको हमेशा वह नहीं मिलता जो आप चाहते हैं: ऐसा ही रहा है और इस तरह आप उसके साथ अपनी शांति बनाते हैं। आप अस्वीकृति के साथ-साथ उपलब्धियों दोनों के साथ अपनी शांति बनाते हैं। मेघना को साइना में साइना नेहवाल की मां उषा रानी का किरदार उनके दिल के बहुत करीब लगता है। इस साल की शुरूआत में रिलीज हुई इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा ने इक्का-दुक्का बैडमिंटन खिलाड़ी की मुख्य भूमिका निभाई है।

वह कहती हैं: साइना हरियाणा से हैं और मैं भी उसी जगह की हूं, इसलिए वे हमारे बीच जुड़ते हैं। इसके अलावा, एक अथक मां की भावना को पकड़ना वाकई लुभावना था। मेघना हरियाणा के एक प्रख्यात कवि पर आधारित एक और बायोपिक में नजर आएंगी, जिसका निर्देशन यशपाल शर्मा ने किया है।

वे कहती हैं, साइना की तरह यह भी एक बहुत ही दिलचस्प विषय है, हालांकि यह उस व्यावसायिक रूप में नहीं आता है। लेकिन, मुझे इसे करने में बहुत मजा आया।

## आज का राशिफल

मेष :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। क्रोध पर नियंत्रण एवं वाणी पर संयम रखना होगा। परिवार का माहौल आपके अनुकूल रहेगा।

वृषभ :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। परिजनों और सहयोगियों की मदद से सभी कार्यों में सफलता मिलेगी।

मिथुन :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार मध्यम रहेगा। किसी के भी साथ धन से सम्बंधित व्यवहार न करें। किसी भी विवाद में पड़ने से बचना होगा।

कर्क :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र क्षेत्र में सफलता मिलेगी और धनलाभ की स्थिति रहेगी। कार्य सफल होने से मन प्रफुल्लित रहेगा।

सिंह :- आज का दिन सामान्य रहेगा। व्यवसाय में आर्थिक लाभ और नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे और बुजुर्गों के आशीर्वाद से कार्यों में सफलता मिलेगी।

कन्या :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार अच्छा चलेगा और धनलाभ की स्थिति रहेगी। आकस्मिक धनलाभ की भी संभावना रहेगी।

तुला :- आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। कार्यक्षेत्र में काम की अधिकता रहेगी, लेकिन अपने प्रयासों से कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक :- आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। कारोबार में अच्छा मुनाफा होगा।

धनु :- आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। व्यापार-धंधा अच्छा चलेगा। कार्यों में सफलता मिलने से मन प्रसन्न रहेगा।

मकर :- आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कार्यक्षेत्र में छोटी-छोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। कार्यभार की अधिकता रहेगी और दिन भागदौड़ में बीतेगा।

कुंभ :- आज का दिन सामान्य रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ की संभावना रहेगी। कार्यभार की अधिकता रहने से मानसिक रूप से व्यग्रता का अनुभव होगा।

मीन :- आज का दिन अच्छा रहेगा। गृहों की स्थिति आपके अनुकूल बनने से आकस्मिक धनलाभ के योग रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा और आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी, जो लाभदायक रहेगी।

# प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे को कर रही हैं मिस



फिल्म हंगामा 2 में नजर आने वाली अभिनेत्री प्रणिता सुभाष लंबे समय से बड़े पर्दे पर से गायब हैं। प्रणिता ने एक हिंदी फिल्म में काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, मैं नर्वस और उत्साहित दोनों हूं, क्योंकि शैली से लेकर दर्शकों तक सब कुछ मेरे लिए नया है।

यह पूछे जाने पर कि क्या वह बड़े पर्दे को मिस कर रही हैं, अभिनेत्री ने जवाब दिया, बिल्कुल, क्योंकि एक्टर के रूप में, विशेष रूप से दक्षिण में हम बड़े पर्दे, और पागलपन के इतने आदि हैं। मैं निश्चित रूप से वह सब याद कर रही हूं।

डिजिटल रूप से रिलीज होने वाली फिल्म के साथ, इस पर ओपनिंग वीकेंड बॉक्स-ऑफिस पर दबाव नहीं है।

अभिनेत्री ने सुझाव दिया कि वास्तव में हाँ, लेकिन फिर, मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता अगर इसे सिनेमाघरों में रिलीज किया जाता।

तमिल, तेलुगु और कन्नड़ फिल्मों में एक लोकप्रिय नाम, प्रणिता बॉलीवुड में पहली बार काम कर रही हैं, वह दक्षिण से क्या अंतर देखती हैं?

प्रणिता ने कहा कि यह अद्भुत है। काम के मामले में, यह लगभग समान है, कुछ अलग नहीं लगता है। कार्य संस्कृति, समय मैंने हमेशा लोगों को यह कहते हुए सुना है कि कितना अलग और समान है, लेकिन मैंने व्यक्तिगत रूप से सब कुछ वही पाया।

# रोमांटिक दृश्यों के दौरान अपनी परेशानी पर बोले गोविंदा



जल्द ही डांस रियलिटी शो डांस दीवाने में नजर आने वाले अभिनेता गोविंदा ने खुलासा किया कि अपनी पहली फिल्म इल्जाम में रोमांटिक सीन करते समय वह शर्मीले थे। अभिनेता को कोरियोग्राफर गणेश आचार्य के साथ थिरकते हुए और जज के रूप में अभिनेत्री नोरा फतेही की जोड़ी में शामिल दिखाई देंगे।

शो में, नोरा प्रतियोगी पीयूष की शर्म पर टिप्पणी करती है जो गोविंदा को एक मजेदार घटना का खुलासा करने के लिए प्रोत्साहित करती है।

अपनी पहली फिल्म के सेट से एक दिलचस्प घटना साझा करते हुए, अभिनेता ने कहा, मुझे याद है कि मेरी पहली फिल्म के दौरान, मुझे नीलम के साथ एक रोमांटिक गाना शूट करना था और मैं ऐसा नहीं कर सका। कोने से, सरोज (खान) ने मुझे पकड़ा और पूछा कि क्या मैंने कभी किसी लड़की से रोमांस किया है!

# डिनर तक का क्विक एंड टेस्टी ऑप्शन है बेसन का पराठा



मानसून में सिर्फ पकौड़े ही नहीं, कुछ और भी चीज़ों हैं जिन्हें खाने का मजा ही अलग होता है और इसी में शामिल है बेसन का पराठा भी। तो आइए जानते हैं इसकी क्विक रेसिपी।

### सामग्री :

आटा- 1 कप, बेसन- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, जीरा- 1/2 छोटी चम्मच, कसूरी मेथी- 1 छोटी चम्मच, हल्दी- 1/2 छोटी चम्मच, अजवाइन- 1/2 छोटी चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 2 छोटी चम्मच, गरम मसाला पाउडर- 1/2 छोटी चम्मच, सेंकने के लिए तेल

### विधि :

किसी बर्तन में बेसन, आटा, नमक, हींग, कसूरी मेथी, गरम मसाला, लाल मिर्च पाउडर, हल्दी सभी चीज़ों को अच्छे से मिक्स कर लें और मोयन के लिए हल्का सा तेल भी डाल लें। हाथों से अच्छी तरह मसल कर मसाल तैयार कर लें।

अब पराठे के लिए आटे को नमक, अजवाइन डालकर नरम गूंथ लें।

लोई बनाकर बेल लें। इसके बीच बेसन वाला मसाला भरें।

चारों ओर से हल्का मोड़ते हुए लोई को बंद कर दें। जैसे आलू, प्याज के पराठे को करते हैं।

धीरे-धीरे हल्के हाथों से पराठे को बेल लें।

जैसे पराठे संेकते हैं वैसे ही इसे भी सेंकना है। दोनों तरफ से सुनहरा।

गरमा-गरम चटनी या सॉस के साथ सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 154

**बाएं से दाएं**

1. व्यर्थ, अकारण, बेवजह (उर्दू) 4. साथ में, सहित 5. वर्षा, बारिश, बरखा 8. कथा, किस्सा 9. चिढ़चिड़ा, बदमिजाज 11. प्रलय, आफत, हलचल 12. लाख ढकने का कपड़ा 13. पिता, क्लर्क, सम्मानित व्यक्ति 14. वायु, पवन 16. निवास करना, उपस्थित होना, ठहरना 18. जिसे लात खाने की आदत हो गई हो 19. सेवक, दास, चाकर 21. भ्राता 22. मेघ, जलद, नीरद।

**ऊपर से नीचे**

1. विशेष, विशिष्ट 2. सुगंध, खुशबू 3. आदमी, मनुष्य, मानव 5. अपेक्षाकृत, अपेक्षया 6. कष्ट, दर्द, दिक्कत 7. पठन, पढ़ने का काम, शिक्षा 10. किस्मत, नसीब, भाग्यवान 12. एक पक्षी जो पुराने समय में संदेश वाहक का काम करता था 13. बाल, बच्चा, लड़का, छोकरा 17. वायु संबंधी, हवा में रहने, उड़ने या होने वाला, बिलकुल काल्पनिक और निर्मूल 19. नाव, कश्ती 20. वर्ष, बरस, एक इमारती वृक्ष।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| पं | क्ति | | स्वा | द | | स | ब | ब |
| जा | | सु | हा | ना | | | ली | द |
| ब | हु | धा | | द | ल | ना | | ल |
| | | क | मा | न | | ग | ह | ना |
| भं | व | र | | | | वा | म | |
| गी | त | | म | ज | बू | र | | ट |
| | न | म | स्का | र | | | | र |
| | | र्या | | | बी | | ना | का |
| सं | वि | दा | | ब | स | च | ल | ना |

## सू-दोकू- 154

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | 1 | | 7 | | |
| 4 | | 6 | | | 7 | | 5 | |
| | 3 | | | 6 | | 8 | | 9 |
| | | 3 | | | 1 | | 6 | |
| 5 | | | 6 | | | 9 | | |
| | | 9 | | 5 | | | 3 | |
| 3 | | | 7 | | 9 | | | 1 |
| | 5 | | | 2 | | 3 | 9 | |
| 1 | | 4 | | | 8 | | 7 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.153 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 8 | 3 | 9 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 |
| 1 | 2 | 9 | 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 6 |
| 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 3 |
| 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 8 | 1 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 1 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 7 | 2 | 1 | 6 | 5 | 3 | 9 | 4 |
| 4 | 6 | 5 | 3 | 9 | 7 | 1 | 2 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 6 | 5 | 7 |